हिन्दुस्तान

ELECRAMA 2020 Print Media Coverage
Date: 20-01-2020

शॉर्ट सर्किट और आगजनी की समस्या से मिलेगी निजात

माई सिटी रिपोर्टर

स्वच्छ और हरित ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी मिलेगी मदद

ग्रेटर नोएडा। इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे इलेक्रामा-2020 में नित्या ग्रुप ने जर्मन तकनीक से तैयार तार और केबल का प्रदर्शन किया। ऐसे तार और केबल से आग और शार्ट सर्किट की घटनाओं से निजात मिलेगी। कंपनी भारत में ही इनका उत्पादन करेगी।

नित्या ग्रुप औद्योगिक बिजली उपकरणों का उत्पादन करती है। कंपनी का दावा है कि इन तार और केबल में शार्ट सर्किट और आग नहीं लगती है। ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं घरों में होती है। इनको रोकने में मदद मिलेगी। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के मकसद से कंपनी अगले पांच वर्षों में 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही स्वच्छ और हरित ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। नित्या ग्रुप के सीएमडी प्रशांत श्रीवास्तव का कहना है कि तार और केबल में इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन की सर्किट में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कंपनी भारतीय उपभोक्ता के लिए बेहतरीन गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जर्मन तकनीक के उन्नत उत्पादों को लेकर आ रही है।

200

करोड़ का निवेश करेगी कंपनी 5 साल में